## शिक्षण अधिगम प्रक्रिया (teaching Learning Process)

### शिक्षा :-

शिक्षा शब्द की उत्पत्ति लेटिन भाषा के एज्युकेटम (Educatum) शब्द से मानी गई है।

Educatum दो मूल शब्द E + duco से मिलकर बना है।




- शिक्षा एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा अंतर्निहित, दक्षता, प्रतिभा, कुशलता, निपुणता आदि को बाहर निकाला जाता है तथा व्यवहार में परिवर्तन किया जाता है।
- शिक्षा शब्द की उत्पत्ति लेटिन भाषा के Educare व Educere से भी मानी जाती है।

### शिक्षण (teaching)

- शिक्षण को 2 अर्थों में स्पष्ट किया जा सकता है।

Scanned with OKEN Scanner

दो अर्थ

संकुचित — व्यापक

1) संकुचित अर्थ मे शिक्षण औपचारिक शिक्षा हैं अर्थात् एक शिक्षण जो निश्चित स्थान व निश्चित समय पर प्रदान किया जाए तो उसे संकुचित अर्थ में शिक्षण कहा जाता है

EX:- विद्यालयी शिक्षा

1) व्यापक अर्थ में शिक्षण औपचारिक व अनौपचारिक प्रक्रिया है। अर्थात् यह जीवन पर्यन्त चलने वाली प्रक्रिया हैं।

EX:- 1) विद्यालयी शिक्षा

2) परिवार, समाज आदि से प्राप्त शिक्षा

## ☆ शिक्षण की परिभाषा :-

**पाईन के अनुसार :-**

"अधिगम में वृद्धि करना ही शिक्षण है।

**B.O स्मिथ के अनुसार :-**

" शिक्षण उद्देश्य केन्द्रित प्रक्रिया है"

Scanned with OKEN Scanner

## हाफ एवं डेकन :-

शिक्षण में 4 तत्व निहित हैं।

- → योजना
- → निर्देश
- → मापन
- → मूल्यांकन

## मॉरीसन के अनुसार :-

शिक्षण अधिक परिपक्व व्यक्ति (शिक्षक) व कम परिपक्व व्यक्ति (छात्र) के बीच घनिष्ठ सम्बंध है। जिसके द्वारा अधिक परिपक्व व्यक्ति (शिक्षक) कम परिपक्व व्यक्ति (छात्र) के व्यवहार में परिवर्तन लाता है।

## शिक्षण द्विमुखीय प्रक्रिया के रूप में :

एडम्स ने शिक्षण को द्विमुखीय / द्वि ध्रुवीय (Bipolar) प्रक्रिया के रूप में माना है।

Ex: शिक्षक ⇄ छात्र

## शिक्षण त्रिमुखीय प्रक्रिया के रूप में :

जॉन डीवी व रायबर्न ने शिक्षण को त्रिमुखीय / त्रि ध्रुवीय प्रक्रिया के रूप में माना है।

Ex:




Scanned with OKEN Scanner

## शिक्षण की विशेषताएँ :

1. शिक्षण उद्देश्य पूर्ण प्रक्रिया है।
2. शिक्षण औपचारिक व अनौपचारिक प्रक्रिया है।
3. शिक्षण कौशल पूर्ण प्रक्रिया है।
4. शिक्षण कला व विज्ञान दोनों के रूप में होता है।
5. शिक्षण मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया है।
6. शिक्षण अंतःक्रिया का परिणाम है।
7. शिक्षण निदान व उपचार की विधि है।
8. शिक्षण निर्देशन की प्रक्रिया है।
9. शिक्षण का कार्य बालक के ज्ञान में वृद्धि करना है।
10. शिक्षण त्रिमुखी प्रक्रिया है।
11. शिक्षण तार्किक प्रक्रिया है।
12. शिक्षण वातावरण में समायोजित होने के गुणों का विकास करती है।
13. शिक्षण आमने - सामने की प्रक्रिया है।
14. शिक्षण का मापन व मुल्यांकन किया जा सकता है।

## शिक्षण को प्रभावित करने वाले कारक :

1. शिक्षण के उद्देश्य। (ज्ञानात्मक, भावात्मक, क्रियात्मक)
2. शिक्षण क्रिया का नियोजन।
3. कक्षा में संवेगात्मक स्थिति।
4. संस्था / विद्यालय का वातावरण।
5. शिक्षक का व्यक्तित्व।
6. भौतिक संसाधनों की उपलब्धता।
7. पाठ्यक्रम।

Scanned with OKEN Scanner

## शिक्षण

- **भेद / प्रकार**
  - (1) एकतंत्रात्मक शिक्षण
  - (2) प्रजातंत्रात्मक शिक्षण
  - (3) हस्तक्षेप रहित शिक्षण
- **चर**
  - (1) स्वतंत्र चर
  - (2) आश्रित चर
  - (3) मध्यस्त चर
- **स्तर**
  - (1) स्मृति स्तर
  - (2) बोध स्तर
  - (3) चिंतन स्तर
- **सोपान**
  - (1) निदानात्मक सोपान
  - (2) उपचारात्मक सोपान
  - (3) मुल्यांकनात्मक सोपान
- **अवस्थाएँ**
  - (1) पूर्वक्रिया अवस्था
  - (2) अन्त: क्रिया अवस्था
  - (3) उत्तर क्रिया अवस्था

## (I) शिक्षण के भेद / प्रकार :-

### (i) एकतंत्रात्मक शिक्षण :-

- यह शिक्षण का वह प्रकार है जिसमें शिक्षक सक्रिय एवं प्रधान भूमिका में होता है।
- छात्र, निष्क्रिय, मूक दर्शक, श्रोता व रहने के रूप में होता है।
- इसमें छात्रों को कक्षा कक्ष में प्रश्न पूछने की स्वतंत्रता नहीं होती है।
- इसलिए इस शिक्षण को निरंकुशवादी / प्रभुत्ववादी अलोकतांत्रिक शिक्षण भी कहते हैं।

Scanned with OKEN Scanner

- यह परम्परागत एवं प्राचीन शिक्षण है। जिसे अमनोवैज्ञानिक शिक्षण कहा जाता है।
- इससे बालक के ज्ञानात्मक पक्ष का विकास होता है।

## ② प्रजातांत्रिक शिक्षण :

- यह आधुनिक शिक्षा प्रणाली में सर्वाधिक उपयोगी है।
- इसमें एकतंत्रात्मक शिक्षण के विपरीत विशेषताएँ पाई जाती है।

सक्रिय — शिक्षक / छात्र ] ≠ दोनों

- प्रधान ⇒ छात्र
- मार्गदर्शक ⇒ शिक्षक

- इस शिक्षण में छात्रों को प्रश्न पूछने की पूरी स्वतंत्रता होती है। इसलिए इसे लोकतंत्रात्मक शिक्षण कहा जाता है।
- इससे बालक का सर्वांगीण विकास (ज्ञानात्मक, भावात्मक क्रियात्मक) होता है।

## ③ हस्तक्षेप रहित शिक्षण :

- हस्तक्षेप रहित शिक्षण वह होता है। जिसमें विद्यार्थी

Scanned with OKEN Scanner

प्रधान होता है, तथा वह स्वयं सक्रिय रहता है।

- विद्यार्थी शिक्षक के बिना हस्तक्षेप के स्वाध्याय करते हुए पाठ्यपुस्तक के माध्यम से ज्ञान की प्राप्ति करते हैं।

Ex:
- → दूरस्थ शिक्षा प्रणाली
- → खुला विद्यालय
- → पत्राचार शिक्षा प्रणाली आदि

## शिक्षण के चर :-

(1) स्वतंत्र चर ⇒ शिक्षक

(2) आश्रित चर ⇒ छात्र

(3) मध्यस्थ चर ⇒ पाठ्यक्रम, पाठ्यवस्तु, शिक्षण अधिगम सहायक सामग्री

## शिक्षण के स्तर :-

### (1) स्मृति स्तर :-

प्रवर्तक ⇒ फ्रेडरिक हरबर्ट

- स्मृति स्तर शिक्षण का वह स्तर है जिसमें शिक्षक पाठ्यपुस्तक के माध्यम से बालकों में स्मरण शक्ति का विकास करता है।

Scanned with OKEN Scanner

- यह स्तर रटने पर बल देता है।
- यह प्राथमिक स्तर के बालकों के लिए उपयोगी है।
- इसे शिक्षण का निम्न स्तर कहा जाता है। इसमें बालक किसी भी विषयवस्तु को यांत्रिक तरीके से चेतन मन में स्थापित कर लेते हैं।

- आवश्यकता पड़ने पर प्रत्यास्मरण कर लेता है।

## ② बोध स्तर :-

प्रवर्तक ≠ मोरीसन

- बोध स्तर शिक्षण का वह स्तर है जिसमें शिक्षक छात्रों को पाठ्यपुस्तक के बारे में समझ विकसित करता है। और समस्या के कारणों का पता लगाता है।
- यह माध्यमिक कक्षाओं के लिए उपयोगी है।
- माध्यमिक स्तर के बालकों को किसी भी विषय वस्तु को उदाहरणों के माध्यम से स्पष्ट किया जा सकता है।

## ③ चिंतन स्तर :-

प्रवर्तक ≠ हण्ट

- चिंतन स्तर शिक्षण का अंतिम सर्वोच्च स्तर है, इसमें शिक्षक छात्रों में अमूर्त तार्किक गुणों का विकास करता है।

- छात्र स्वयं समस्या का समाधान करना सीखता है।
- खोजी प्रवृत्ति व कल्पना शक्ति का विकास करता है।
- यह शिक्षण उच्च स्तरीय कक्षाओं के लिए उपयोगी है।

## शिक्षण के सोपान :-

### (i) निदानात्मक सोपान :-

यह शिक्षण का निम्न स्तरीय सोपान है। जिसे प्रथम सोपान भी कहा जाता है।

- शिक्षक छात्रों के पूर्वज्ञान का पता लगाता है
- इसमें शिक्षक छात्रों के अधिगम न होने के कारणों का अथवा समस्या के कारणों का पता लगाता है।

### (2) उपचारात्मक सोपान :-

- यह शिक्षण का मध्य सोपान है जिसे शिक्षक शिक्षण क्रिया के दौरान शिक्षण में उपयोगी बनाता है। और समस्या का समाधान करता है।
- उपचारात्मक शिक्षण प्रमुख रूप से समस्यात्मक व पिछड़े बालकों के लिए उपयोगी है।

Scanned with OKEN Scanner

③ मूल्यांकनात्मक सोपान :- यह शिक्षण का सर्वोच्च स्तरीय सोपान है। इसे शिक्षण प्रक्रिया के अंत में उपयोगी बनाया जाता है।

- इसके माध्यम से सम्पूर्ण शैक्षिक स्तर में छात्रों को प्राप्त उपलब्धियों का मूल्यांकन किया जाता है।

- मूल्यांकन में निदानात्मक परिक्षण व उपचारात्मक शिक्षण सामिल होता है।

## ④ शिक्षण की अवस्थाएँ (Stages of teaching)

(i) पूर्व क्रिया अवस्था :-

- शिक्षण से पहले की अवस्था
- शिक्षण उद्देश्यों का निर्धारण,
- पाठ्यवस्तु का चयन
- शिक्षण विधि का चयन
- शिक्षण व्यूह रचना का निर्माण आदि

(ii) अन्तः क्रिया अवस्था :-

- इसमें शिक्षक व छात्र दोनों के बीच अंतक्रिया होती है।
- शिक्षण क्रिया
- शिक्षण विधियों का विस्तार

## ③ उत्तर क्रिया अवस्था :-

- यह शिक्षण के बाद की अवस्था है।
- शिक्षण का मूल्यांकन व मूल्यांकन के बाद शिक्षण नीतियों में परिवर्तन

## शिक्षण सूत्र ( maxims of teaching ) :-

- शिक्षण सूत्रों का सूत्रपात रूसो व कोमेनियस के द्वारा किया गया।
- रूसो व कोमेनियस के अमूर्त विचारों से प्रभावित शिक्षण में पैस्टोलोजी, जोन डीवी, किलपैट्रिक, हरबर्ट, B.S Bloom के द्वारा शिक्षण सूत्रों को उपयोगी माना।
- शिक्षण सूत्र वे हैं जिनका प्रयोग शिक्षक शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के दौरान कक्षा कक्ष में सम्बंधित पाठ्यपुस्तक को सरल व स्पष्ट व प्रभावी बना देता है।

① ज्ञात से अज्ञात की ओर / पूर्व ज्ञान से नवीन ज्ञान की ओर

( From known to unknown.)

② सरल से जटिल की ओर

( from simple to complex.)

Scanned with OKEN Scanner

③ मूर्त से अमूर्त की ओर / स्थूल से सूक्ष्म की ओर
(from Concrete to Abstract.)

④ पूर्ण से अंश की ओर (From whole to Part)

⑤ विशिष्ट से सामान्य की ओर (from Specific to General)
(उदाहरणों) (नियमों)

⑥ मनोवैज्ञानिक से तार्किक की ओर (from Psychological to logical).

⑦ विश्लेषण से संश्लेषण की ओर (from Analysis to synthesis)

⑧ आगमन (उदाहरण) से निगमन (नियम) की ओर (from Inductive to Deductive)

⑨ अनुभव से विवेक की ओर (Experience to wisdom

⑩ अनिश्चित से निश्चित की ओर (Indefinit of definite

## शिक्षण के सिद्धांत (Principles of teaching):-

① जीवन से सम्बंध स्थापित करने का सिद्धांत।
② उद्देश्यों के निर्धारण का सिद्धांत।
③ नियोजन का सिद्धांत।
④ रुचि का सिद्धांत।

Scanned with OKEN Scanner

5. वैयक्तिक विभिन्नताओं का सिद्धांत।
6. अभ्यास का सिद्धांत।
7. उपयोगिता का सिद्धांत।
8. अभिप्रेरणा का सिद्धांत।
9. क्रियाशीलता का सिद्धांत।
10. क्रमबद्धता का सिद्धांत।
11. छात्र / बालकेन्द्रित शिक्षा का सिद्धांत।
12. चयन का सिद्धांत।

## ☆ अच्छे शिक्षक के गुण :-

1. शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ।
2. मधुर स्वभाव।
3. निष्पक्षतापूर्ण व्यवहार।
4. उत्साही।
5. विषय का ज्ञाता।
6. आलोचनात्मक दृष्टिकोण।
7. बाल विकास का ज्ञान।
8. अभिप्रेरणा युक्त व्यवहार।
9. नेतृत्व का गुण।
10. सामाजिकता के गुण।
11. चारित्रिक रूप से सुदृढ़।
12. परिश्रमी।
13. सक्रिय शिक्षण।
14. बाल केन्द्रित शिक्षा पर बल।

Scanned with OKEN Scanner

## NCF 2005 राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005

National Curriculum framework.

पाठ्यचर्या अंग्रेजी के curriculum शब्द का हिंदी रूपान्तरण है। curriculum की उत्पत्ति लैटिन भाषा के Currere से मानी जाती है।

जिसका अर्थ होता है Race course दौड़ का मैदान

- इस प्रकार curriculum वह दौड़ का मैदान है। जिसमें बालक उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए दौड़ता है।

- पाठ्यचर्या वह रास्ता है जिस पर चलकर छात्र शिक्षा के लक्ष्य तक पहुँचता है।

### कनिंघम के अनुसार :-

पाठ्यचर्या शिक्षक रूपी कलाकार के हाथ में यह एक साधन है। जिससे वह पदार्थ को (छात्र) को अपने आदर्श के अनुसार अपने स्टूडियो (विद्यालय) में चित्रित कर सके।

### मुनरो के अनुसार :-

पाठ्यचर्या में वे समस्त अनुभव निहित होते हैं जिनको विद्यालय द्वारा शिक्षा के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए उपयोग में लाया जाता है।

Scanned with OKEN Scanner

## NCF 2005

- NCF 2005 4th नम्बर की राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा है।

Ist ≠ 1975
IInd ≠ 1988
IIIrd ≠ 2000
4th ≠ 2005
5th ≠ 2022

- NCF 2005 यशपाल शर्मा की अध्यक्षता में तैयार किया गया।

- 1983 में यशपाल समिति ने बिना बोझ की शिक्षा की सिफारिश की।

- NCF 2005 में सचिव स्वेता उप्पल व M.A खादर थे।

- NCF 2005 में भाषागत असुविधाओं को दूर करने का कार्य नामवर सिंह ने किया।

- NCF 2005 के निर्माण की स्वीकृति (CABE (central Advisory Board of education) द्वारा दी गई।

- NCF 2005 का निर्माण राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् (National Council of educational Research and training) द्वारा किया गया।

Scanned with OKEN Scanner

D NCF 2005 की समय-समय पर समीक्षा (जाँच) NCERT द्वारा कि जाती है।

D NCF 2005 का आधार (National Policy on Education) NPE 1986 व PoA को माना जाता है। (Programme of Action 1992)

## ✩ NCF 2005 के मार्गदर्शी सिद्धांत:—

① पढ़ाई को रटन प्रणाली से मुक्त करना।
② ज्ञान को विद्यालय के बहारी जीवन से जोड़ना।
③ पाठ्यचर्या इस तरह की हो कि वह बालकों को चहुंमुखी विकास के अवसर प्रदान करे न कि पाठ्यपुस्तक केन्द्रित बनकर रह जाये।

④ परीक्षा को अपेक्षाकृत अधिक लचीला बनाया जाए और कक्षा-कक्ष गतिविधियों से जोड़ा जाए।

⑤ बच्चों में एक ऐसी अधिभावी पहचान का विकास हो जिसमें लोकतांत्रिक राजव्यवस्था के अंतर्गत राष्ट्रीय चिंता शामिल हो।

⑥

## ✩ NCF 2005 के अध्याय:

इसमें 5 अध्याय शामिल किए गए हैं-

① परिप्रेक्ष्य / परिचय ।
② सीखना और ज्ञान ।
③ पाठ्यचर्या का क्षेत्र , स्कूल की व्यवस्था व आकलन
④ विद्यालय व कक्षा का वातावरण ।
⑤ व्यवस्थागत सुधार ।

## (i) परिप्रेक्ष्य / परिचय :

- पाठ्यक्रम का निर्माण इस प्रकार किया जाए कि बालकों का सर्वांगीण विकास हो सके।
- पढ़ाई को रटने की प्रवृत्ति से मुक्त करके स्कूल के बाहरी जीवन से जोड़ा जाए ।
- शिक्षा को बोझ न समझा जाये अतः समझ के आधार पर पाठ्यक्रम का बोझ कम किया जाए ।
- ऐसे नागरिक वर्ग का निर्माण किया जाए जो राजनैतिक व आर्थिक प्रक्रियाओं में भाग लेने की क्षमता रखते हो ।
- ऐसे नागरिकों का निर्माण करना जो लैंगिक न्याय के प्रति अनुसूचित जातियों व जनजातियों व विशेष आवश्यक वाले बच्चों के प्रति संवेदनशील हों ।

## ② सीखना और ज्ञान :

- बालकों के सर्वांगीण विकास हेतु उनके ज्ञान में वृद्धि कि जाएगी ।

Scanned with OKEN Scanner

## ⑧ पाठ्यचर्या के क्षेत्र, स्कूल की व्यवस्था व आकलन :-

- प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च माध्यमिक स्तर तक बच्चों के ज्ञान निर्माण में बहुभाषिकता के बुनियादी महत्व को समझना आवश्यक है।

  - राष्ट्रीय भाषा → हिंदी
  - अंतर्राष्ट्रीय भाषा → अंग्रेजी
  - मातृभाषा → राजस्थानी, गुजराती, तेलगु......

- गणित की शिक्षा से बच्चों की तर्क करने, सोचने समझ विकसित करने, समस्याओं को सुलझाने की क्षमता का विकास होना चाहिए। गणित की बहतर शिक्षा का हर बालक को हक है।

- सामा० विज्ञान के अंतर्गत ऐसी पाठ्यचर्या होनी चाहिए जो शिक्षार्थियों में समाज के प्रति आलोचनात्मक समझ का विकास कर सके।

## ⑨ विद्यालय तथा कक्षा का वातावरण :-

- कक्षा का आकार शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को प्रभावित करने वाला एक महत्वपूर्ण कारक है। अतः किसी भी अवस्था में शिक्षक व शिक्षार्थियों का अनुपात 1 : 30 से अधिक होना वांछित नहीं है।

## ⑥ व्यवस्थागत सुधार :-

- अध्यापकों व शिक्षकों के सहयोग से सार्थक आकादमिक योजना का विकास हो।

- पाठ्यचर्या ऐसी निर्मित की जानी चाहिए जिसमें शिक्षक शिक्षार्थियों को खेलते तथा काम करते हुए प्रत्यक्ष रूप से अवलोकन कर सकें।

## ⑦ NCF 2005 के अंतर्गत विषय संबंधी सुझाव :-

- NCF 2005 के अंतर्गत 4 मुख्य विषय व चार अन्य विषयों को जोड़ा गया है।

- **मुख्य विषय :-**
  - ① भाषा :- त्रिभाषा सूत्र
    - ① राष्ट्रीय भा…
    - ② हिंदी, अंतर्राष्ट्रीय भाषा (अंग्रे…)
    - ③ मातृभाषा (गुजराती, संस्कृत, तेलगु आ…)
  - ② गणित
  - ③ विज्ञान
  - ④ सामाजिक विज्ञान

**अन्य विषय :-**
- ① रोजगार या कार्य
- ② कला या हस्तकारियाँ
- ③ स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा
- ④ …

## ✪ NCF 2005 की आवश्यकता :-

(i) नैतिक व मानवीय मूल्यों में वृद्धि करने हेतु।
(2) कक्षा - कक्ष शिक्षण को प्रभावी बनाने हेतु।
(3) विद्यार्थियों की जरूरतों व रुचियों को ध्यान में रखते हुये पाठ्यक्रम निर्माण हेतु।
(4) शैक्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु।
(5) भाषा समस्या के निदान हेतु
(6) पाठ्यक्रम के नवीन तथ्यों एवं शोध कार्यों के निष्कर्षों को सामिल करने हेतु।

## ✪ N.C.F 2005 के अनुसार कुल गृह कार्य समय :-

(i) कक्षा 1 व 2 ⇒ कोई गृह कार्य नही।
(2) कक्षा 3 से 5 ⇒ 2 घंटे प्रति सप्ताह
(3) कक्षा 6 से 8 ⇒ 1 घंटा प्रतिदिन (इसे 6 घंटा प्रति सप्ताह)
(4) माध्यमिक व उच्च माध्यमिक ⇒ 2 घंटा प्रतिदिन (10 से 12 घंटा प्रतिसप्ताह

## ✪ N.C.F 2005 से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण बातें :-

1) N.C.F 2005 का निर्माण रविन्द्रनाथ टैगोर के निबंध सभ्यता एवं प्रगति के अनुसार किया गया है

- N.C.F 2005 का निर्माण करने हेतु यशपाल शर्मा के नेतृत्व में एक संचालन समिति का गठन किया गया।
- जिसमें कुल 38 सदस्य थे।
- 

- 35 सदस्यों में से राजस्थान से एकमात्र सदस्य रोहित धनकड़ हैं।
- N.C.F 2005 की रूपरेखा हेतु 21 फोकस समूहों का गठन किया गया।
- N.C.F 2005 में 2 शिक्षण सूत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया है।
  - (i) ज्ञात से अज्ञात की ओर
  - (ii) मूर्त से अमूर्त की ओर.
- N.C.F 2005 एक सामाजिक, सरल व सक्रिय प्रक्रिया है, जिसके तहत सपनों के भारत को धरातल पर उतारा जाएगा।

- N.C.F 2005 को २२ भाषाओं में अनुवाद किया गया है।

- N.C.F 2005 निर्मितवादी / संरचनावादी अधिगम पर बल देता है जिसके द्वारा छात्र स्वयं ज्ञान का निर्माण करते हैं।

- N.C.F 2005 का उद्देश्य प्रारंभिक पीढ़ि को बिना भेदभाव के समावेशी शिक्षा उपलब्ध करायी जाए-

- N.C.F 2005 के अनुसार विद्यालय के कैलेण्डर व समय विभाग चक्र को लचिला बनाया जाए

- N.C.F 2005 के अनुसार गणित शिक्षण का मुख्य उद्देश्य बालकों में तार्किक चिंतन व समस्या समाधान की योग्यता का विकास करना है।

- N.C.F 2005 में सुझाव दिया गया है कि 10 वीं बोर्ड परिक्षा ऐच्छिक हो।

- N.C.F 2005 ने कम्प्युटर व पर्यावरण शिक्षा को अनिवार्य रूप से लागू करना उद्देश्य रखा है।

Scanned with OKEN Scanner

## ☆ क्रियात्मक अनुसंधान (Action Research)

- क्रियात्मक अनुसंधान से तात्पर्य विद्यालय से संबंधित व्यक्तियों एवं कर्मचारियों के द्वारा अपनी तथा विद्यालय की समस्याओं का वैज्ञानिक तरीके से अध्ययन करके अपनी क्रियाओं व विद्यालय की गतिविधियों में सुधार है।

- अनुसंधानकर्ता अध्यापक, प्रधानाचार्य, प्रबंधक, व निरीक्षक हो सकता है।

स्टीफन. एम. कोरे :-

क्रियात्मक अनुसंधान कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाने वाला अनुसंधान है ताकि व अपने कार्यों में सुधार कर सकें।

## ☆ क्रियात्मक अनुसंधान का इतिहास :-

अमेरिका को क्रियात्मक अनुसंधान का सूत्रपात करने का श्रेय दिया जाता है।

- शिक्षा के क्षेत्र में क्रियात्मक अनुसंधान का विकास सन 1926 से माना जाता है।

- बकिंघम ने अपनी पुस्तक Reasearch for teacher के अंतर्गत क्रियात्मक अनुसंधान का उल्लेख किया।

Scanned with OKEN Scanner

- जॉन कोलियर ने सर्वप्रथम 1945 में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान क्रियात्मक अनुसंधान शब्द का प्रयोग सैन्य क्षेत्र में किया।

- कुर्तलेविन ने सन् 1948 में क्रियात्मक अनुसंधान शब्द का प्रयोग मानव संबंधों को अच्छा बनाने के लिए सामा० क्षेत्र में किया।

- शिक्षा के क्षेत्र में स्थायी रूप से क्रियात्मक अनुसंधान को लागू करने का श्रेय सन् 1953 में अमेरिका के कोलम्बिया वि० विद्यालय के प्रो० स्टीफन.एम.कोरे को जाता है।

- शिक्षा में क्रियात्मक अनुसंधान के जनक स्टीफन.एम. कोरे है।

- स्टीफन.एम.कोरे की पुस्तक का नाम "विद्यालय की कार्य पद्धति में सुधार के लिए क्रियात्मक अनुसंधान" है।

- स्टीफन एम कोरे ने अपनी Action Reasearch के अंतर्गत अनुसंधान के दो प्रकार बताये।

1. मौलिक अनुसंधान
2. क्रियात्मक अनुसंधान

## क्रियात्मक अनुसंधान के पद / चरण / सोपान :

(i) समस्या का ज्ञान।

② कार्य के प्रति प्रस्तावों पर विचार विमर्श।
③ योजना का चयन व उपकल्पना का निर्माण।
④ तथ्य संग्रह की विधियों का निर्माण।
⑤ योजना का कार्यान्वय व प्रमाणों का संकलन।
⑥ तथ्यों पर आधारित निष्कर्ष।
⑦ दूसरों को परिणामों की सूचना।

## ☆ क्रियात्मक अनुसंधान की विशेषताएँ :-

(1) क्रियात्मक अनुसंधान में अनुसंधानकर्ता शिक्षक प्रधानाध्यापक, प्रबंधक व निरीक्षक होते हैं।

(2) क्रियात्मक अनुसंधान विद्यालय से संबंधित विभिन्न दैनिक समस्याओं का व्यावहारिक व तथ्यपूर्ण समाधान करता है।

(3) क्रियात्मक अनुसंधान का ध्यान सम्पूर्ण परिस्थिति पर होता है न कि उसके किसी विशेष अंग पर केन्द्रित होता है।

(4) क्रियात्मक अनुसंधान का ध्यान केवल एक परिस्थिति पर होता है न कि अनेक परिस्थितियों पर।

(5) क्रियात्मक अनुसंधान के परिणामों को क्रियान्वित करने वाले व्यक्ति प्रारम्भ से अंतिम समय तक सक्रिय रूप से भाग लेते हैं।

Scanned with OKEN Scanner

## क्रियात्मक अनुसंधान के उद्देश्य :-

(i) विद्यालय के कार्यकर्ताओं - शिक्षक, प्रधानाचार्य, प्रबंधक व निरीक्षकों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना।

(2) विद्यालय के परम्परागत रूढ़िवादी तथा यांत्रिक वातावरण को समाप्त कर सुधार करना।

(3) विद्यालय के संगठन तथा व्यवस्था में परिवर्तन करके सुधार लाना

(4) विद्यालय की कार्यपद्धति में प्रजातांत्रिक मूल्यों को अधिक स्थान देना।

(5) विद्यालय की दैनिक समस्याओं का अध्ययन और समाधान करके उसकी प्रगति में योगदान देना।

(6) विद्यालय से संबंधित व्यक्तियों को अपनी समस्याओं का वैज्ञानिक अध्ययन करके अपनी विधियों को उत्तम बनाने का अवसर देना।

(7) स्कूल के अध्यापकों तथा विद्यार्थियों आदि को उनके दोष की जानकारी देकर उनकी उन्नति करना।

(8) विद्यालय के पाठ्यक्रम का वास्तविक परिस्थितियों में अध्ययन करके उसको स्थानीय समस्या के अनुकूल बनाना।

(9) कक्षागत समस्याओं का समाधान करने की योग्यता शिक्षक व छात्रों में विकसित करना।

Scanned with OKEN Scanner

## क्रियात्मक अनुसंधान की सीमायें :-

(1) वैज्ञानिकता का अभाव ।
(2) प्रत्येक परिस्थिति पर शोधकर्ता का नियंत्रण नहीं
(3) पूर्ण शुद्धता का अभाव ।
(4) सामान्यीकरण का अभाव ।
(5) अधिक लचीलापन होने के कारण अनुसंधान की दिशा परिवर्तित ।
(6) प्राप्त परिणामों के आधार पर भविष्यवाणी करना सम्भव नहीं है।
(7). अनुसंधानकर्ता को विशिष्ट प्रशिक्षण प्राप्त न होने के कारण उपयुक्त शोध विधि के चयन एवं संचालन में कठिनाई उत्पन्न हो सकती है

## क्रियात्मक अनुसंधान के लिए सुझाव :-

(i) समस्या का स्वरूप वास्तविक होना चाहिए
(2) अनुसंधानकर्ता का समस्या से प्रत्यक्ष सम्बंध होना चाहिए -

(3) क्रियात्मक अनुसंधान के क्रियान्वयन से विद्यालय के अन्य कार्यों में बाधा नहीं आनी चाहिए -

(4) क्रियात्मक अनुसंधान का प्रत्यक्ष सम्बंध शिक्षण के स्तर की प्रगति और गुणात्मक विकास से होना चाहिए -

(5.) अनुसंधान की परिस्थितियों पर अनुसंधान कर्ता का नियंत्रण होना चाहिए -

Scanned with OKEN Scanner

⑥ अनुसंधान की रूपरेखा तैयार करते समय अनुभवी अध्यापकों तथा कुछ अनुसंधान विशेषज्ञों की राय लेनी चाहिए-

⑦ अनुसंधान करते समय वैध व विश्वसनीय सूत्रों का ही प्रयोग करना चाहिए-

## ✡ आकलन

- सूचनाओं को एकत्रित करने की प्रक्रिया आकलन कहलाती है। यह मूल्यांकन का ही भाग है।

### आकलन का महत्व :-

1. शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को प्रभावी बनाना।
2. शिक्षण छात्र अपना मूल्यांकन कर सकते हैं।
3. छात्र प्रगति जानने में।
4. प्रतिपोषण देने के लिए।
5.

### आकलन के प्रकार :-

सतत एवं व्यापक मूल्यांकन (CCE) के अंतर्गत

Scanned with OKEN Scanner

दो प्रकार हैं।

(i) संरचनात्मक / रूपात्मक / निर्माणात्मक आकलन):-
(Formative assessment - F.A)

इस प्रकार का आकलन शैक्षिक कार्य के मध्य में समय-२ पर किया जाता है।

- इस आकलन का उद्देश्य शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में सुधार करना होता है। अर्थात् इसकी प्रकृति सुधारात्मक है।

- संरचनात्मक आकलन शिक्षक व छात्र दोनों को प्रतिपुष्टि (Feedback) प्रदान करता है।

- इसकी प्रकृति अल्पकालीन होती है।

- संरचनात्मक आकलन को अनौपचारिक परीक्षणों मौखिक परीक्षणों आदि के माध्यम से किया जाता है।

- संरचनात्मक आकलन को सीखने के लिए आकलन भी कहा जाता है।

- संरचनात्मक आकलन में अध्यापक पाठ को पढ़ाते समय यह जाँच करता है कि बच्चे ने कितना ज्ञान ग्रहण किया है।

EX:- मौखिक प्रश्नोत्तर, वाद विवाद, अवलोकन डायरी, चेकलिस्ट आदि।

Scanned with OKEN Scanner

## ③ योगात्मक / समेकित आकलन ( Summative Assessment)
↳ S. A

- योगात्मक आकलन शैक्षिक कार्यक्रम की समाप्ति के बाद किया जाता है।

- इस आकलन का उद्देश्य छात्रों को उपलब्धि ( अंक / ग्रेड) प्रदान करना है।

- इसकी प्रकृति निर्णायिक होती है।
- योगात्मक आकलन की प्रकृति दीर्घकालीन होती है।

- योगात्मक आकलन सीखने का आकलन है।

- योगात्मक आकलन के माध्यम से यह जाना जा सकता है कि हम अपने उद्देश्य में कितने सफल रहे।

EX:
- → अर्द्ध वार्षिक ( मध्यावधि परिक्षा)
- → वार्षिक परीक्षा
- → प्रोजेक्ट सेमेस्टर एग्जाम
- → प्रेजेन्टेशन आदि

## ⑥ आकलन के प्रतिमान :-

(i) सीखने के लिए आकलन :- यह रचनात्मक (Assessment for learning) आकलन के समान है ( F. A)

(1) सीखने का आकलन :- यह योगात्मक आकलन के
(Assessment of learning) समान है (S.A)

(3) सीखने के साथ आकलन / सीखने के रूप में आकलन :-

- सीखने के साथ आकलन छात्रों के द्वारा स्वयं सीखने की प्रक्रिया के दौरान किया जाता है। इसमें छात्र स्वयं अपना आकलन करता है।

## ☆ मापन (Measurement)

- सामान्य अर्थ में अंक प्रदान करना ही मापन है।
- जब किसी व्यक्ति या भौतिक पदार्थ की योग्यता और विशेषताओं की मात्रा को गणितीय रूप में व्यक्त किया जाता है। तो वह मापन कहलाता है।

स्टीवेन्स :- मापन किन्हीं निश्चित स्वीकृत नियमों के अनुसार वस्तुओं को अंक प्रदान करने की प्रक्रिया है।

केम्पबेल :- नियमों के अनुसार वस्तुओं व घटनाओं को अंकों व संख्याओं के रूप में व्यक्त करना मापन कहलाता है।

Scanned with OKEN Scanner

# मापन के स्तर

| ① नामित स्तर (Nominal Scale) | ② क्रमिक मापन (Ordinal) Scale | ③ अंतराल मापन (Interval Scale) | ④ अनुपात स्तर (Ratio Scale) |
| --- | --- | --- | --- |

① नामित स्तर :- ① नाम देना

Group A, Group B, Grou C.

② यह सबसे निम्न स्तर का है।

② क्रमिक मापन :- ① किसी क्रम को रैंक देना ।

EX:- Ist Rank, IInd Rank.

③ अंतराल मापन :- अंतर निकालना

EX:- A B

8 - 6

②

◦ इसका मान कभी भी 0 नहीं होता है।

④ अनुपात मापन :- ◦ यह सर्वश्रेष्ठ प्रकार है इसका निरपेक्ष मान 0 होता है।

◦ इसका मनोविज्ञान में उपयोग नहीं होता है।

Scanned with OKEN Scanner

## मापन की विशेषताएँ :-

1. मापन एक साधन है।
2. मापन मूल्यांकन करने में सहायक है।
3. मापन मूल्यांकन का भाग है।
4. मापन संकुचित प्रक्रिया है।
5. मापन के द्वारा एक निश्चित अंक की प्राप्ति की जा सकती है।
6. मापन शिक्षार्थी के ज्ञानात्मक पक्ष की जाँच करता है।
7. मापन में आंकिक स्वरूप पाया जाता है।
8. किसी भी व्यक्ति का मापन सीधे न होकर, किसी उपयुक्त माध्यम से होता है।

## मूल्यांकन (Evaluation)

- मूल्यांकन अंग्रेजी के शब्द Evaluation का हिंदी रूपांतरण है इसका अर्थ होता है। किसी तथ्य के संबंध में निर्णय लेना या निष्कर्ष निकालना

- सीखने के अनुभवों से बालक के व्यवहार में कितना परिवर्तन हुआ उसका निष्कर्ष निकालना / निर्णय लेना अथवा परीक्षण करना मूल्यांकन कहलाता है।

- मूल्यांकन में ज्ञानात्मक के साथ-2 भावात्मक व क्रियात्मक पक्ष की भी जाँच की जाती है।

- अतः यह बहुपक्षीय होता है।

Scanned with OKEN Scanner

मूल्यांकन = मूल्य + अंकन

मूल्यांकन = मापन + मूल्य निर्धारण

= संख्यात्मक + गुणात्मक

## ☆ मूल्यांकन की विशेषताएँ :-

1. मूल्यांकन व्यापक प्रक्रिया है।
2. मूल्यांकन सतत् प्रक्रिया है।
3. मूल्यांकन निर्णयात्मक प्रक्रिया है।
4. मूल्यांकन मात्रात्मक व गुणात्मक दोनों है।
5. मूल्यांकन का सम्बंध शैक्षिक व सहशैक्षिक दोनो की गतिविधियों है।
6. मूल्यांकन का शिक्षण उद्देश्यों से घनिष्ठ सम्बंध है।
7. मूल्यांकन का बालक के विकास से सम्बंध है।
8. मूल्यांकन शिक्षण अधिगम प्रक्रिया का अभिन्न अंग है।

## ☆ B.S Bloom की मूल्यांकन विचारधारा :-

1) B.S Bloom ने मूल्यांकन की विचारधारा में मूल्यांकन को त्रिमुखी बताया है,

⇒ ① ज्ञानात्मक उद्देश्य
⇒ ② भावात्मक उद्देश्य
⇒ ③ क्रियात्मक उद्देश्य

D B.S Bloom के अनुसार शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के 3 ध्रुव




## ✪ मूल्यांकन के प्रकार

(1) निदानात्मक मूल्यांकन
↓
समस्या के कारण का पता लगाया जाता है।

(2) रचनात्मक / निर्माणात्मक संरचनात्मक मूल्यांकन (F.A)
↓
F.A के समान

(3) योगात्मक मूल्यांकन (S.A)
↓
S.A के समान

## ✪ अच्छे मूल्यांकन की विशेषताएँ :

1. वैधता :- एक ऐसा मूल्यांकन जो उद्देश्यों के अनुरूप हो या गुण व उद्देश्यों की प्राप्ति में सहायक हो।

② विश्वसनीयता :-

ऐसा परीक्षण जिसकी कहीं भी, किसी भी परिस्थिति में कितनी भी बार जाँच हो अथवा एक से अधिक अध्यापकों द्वारा जाँच करायी जाए अथवा उन्हीं बालकों पर परीक्षण किया जाये अंकों में अंतर नहीं आना चाहिए-

③ वस्तुनिष्ठता (objectivity):-

अध्यापकों के व्यवहार का मूल्यांकन पर कोई प्रभाव न हो अथवा अंक प्रदान करते समय अध्यापक के व्यक्तित्व का कोई प्रभाव न हो।

④ विभेदीकरण :-

मूल्यांकन ऐसा होना चाहिए जो बालकों के अनुरूप हो, अर्थात- वैयक्तिक विभिन्नता को ध्यान में रखकर बनाया जाना चाहिए-

⑤ व्यापकता (समग्रता) (Holism) :-

मूल्यांकन ऐसा होना चाहिए जिसमें सम्पूर्ण में से प्रश्न हों, अर्थात- मूल्यांकन ऐसा होना चाहिए जो सम्पूर्ण पाठ्यक्रम का प्रतिनिधित्व करे।

⑥ मितव्ययता :-

समय, धन व श्रम की बचत करने वाला।

Scanned with OKEN Scanner

(7) स्पष्टता (Clarity):-

मूल्यांकन पत्र के दिशा निर्देश सरल व स्पष्ट व समझने योग्य होने चाहिए। जिससे बालक दिशा निर्देशों को समझकर मूल्यांकन पत्र के अनुसार व्यवहार कर सके।

(8) क्रमबद्धता (Serialization):-

मूल्यांकन पत्र ऐसा होना चाहिए जिसमें क्रमबद्धता अर्थात् तारतम्यता का गुण हो।

(9) निश्चित मापक (Fixed Scale):-

मूल्यांकन पत्र ऐसा होना चाहिए जिसका एक निश्चित मापक हो

उचित व निश्चित मापक से मूल्यांकन की आसानी से जाँच की जा सकती है।

(10) मानकीकृत (Standardized):-

मूल्यांकन पत्र में वैज्ञानिकता का समावेश होना चाहिए। तथा मूल्यांकन पत्र निश्चित नियमों व सिद्धांतों पर आधारित होना चाहिए-

सतत एवं व्यापक मूल्यांकन:

Continuous and Comprehensive Evaluation (CCE)

Scanned with OKEN Scanner

D सतत एवं व्यापक मूल्यांकन में मूल्यांकन के शैक्षिक व सहशैक्षिक दोनों ही पक्षों को सम्मिलित किया जाता है।

D सतत एवं व्यापक मूल्यांकन अनवरत चलने वाली प्रक्रिया है। जो शिक्षा की सम्पूर्ण अवधि तक चलती है।

D व्यापक (समग्र) का अर्थ होता है शैक्षिक व सहशैक्षिक दोनों पक्ष

शैक्षिक → पाठ्यक्रम

सहशैक्षिक → जीवन कौशल, अभिवृत्ति, मूल्य

D सतत एवं व्यापक मूल्यांकन मे छात्र की कमजोरियों का पता लगाया जाता है। तथा कमजोरियों को दूर करने के लिए उपचार की व्यवस्था की जाती है।

D सतत एवं समग्र मूल्यांकन (CCE) में अंक के स्थान पर ग्रेड दिये जाते हैं।

D राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NPE 1986) के अंतर्गत CCE को लागू करने पर बल दिया गया। तथा NCF 2005 के अन्तर्गत इसे लागू किया गया।

D RTE Act 2009 की धारा 29(1) में CCE को लागू करने की बात कही है।

Scanned with OKEN Scanner

- सर्वप्रथम गीता मुक्कल समिति ने २००९ में CCE को कक्षा ९ मे २०१०-११ में कक्षा 10 में CCE को अपनाने पर बल दिया है।

- केन्द्रिय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) ने २०१०-११ से कक्षा ९ व 10 मे CCE को लागू कर दिया है।

- सम्पूर्ण देश मे CCE 1 अप्रेल २०१० से लागू होगया

- राज० में सर्वप्रथम अलवर, जयपुर के 60 विद्यालयों मे CCE को २०१०-११ मे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू कर दिया गया।

- सन् २०१5-16 में CCE को सम्पूर्ण राज० मे लागू कर दिया गया।

- राज० मे CCE से संबंधित प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना उदयपुर मे की गई है।

- राज० मे CCE को SIQE (State Initiative for Quality Education) के नाम से जाना जाता है

## सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन की परिभाषाएँ :-

1. (FA) रचनात्मक मूल्यांकन / निर्माणात्मक मूल्यांकन / प्रारम्भिक परीक्षण (Formative Assessment):-

- यह शैक्षिक सत्र में 4 बार आयोजित होता है यह

Scanned with OKEN Scanner

कुल ग्रेडांस का 40% होता है।

- यह विद्यालय स्तर पर आयोजित होता है।

② योगात्मक मूल्यांकन (Summative Assessment) :- (S.A)

- यह वर्ष में २ बार आयोजित होता है।
- २ रचनात्मक के बाद 1 योगात्मक परीक्षण होता है।
- यह कुल ग्रेडांस का 60% होता है।
- यह विद्यालय स्तर पर आयोजित होता है लेकिन प्रश्न बनाने का कार्य उत्तर पत्रों की जाँच का कार्य और मूल्यांकन केन्द्रिय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) के द्वारा किया जाता है।

## C.C.E का पैटर्न

| | |
|---|---|
| पाठ्यक्रम का 50% | पाठ्यक्रम का 50% |
| FA – I (10%) | FA – III (10%) |
| FA – II (10%) | FA – IV (10%) |
| SA – I (30%) | SA – II (30%) |

वर्ष में 4 रचनात्मक मूल्यांकन (FA) व २ योगात्मक मूल्यांकन (S.A) होते हैं।

FA – रचनात्मक मूल्यांकन (40%)

SA – योगात्मक मूल्यांकन (60%)

Scanned with OKEN Scanner

Note :-

वर्तमान में राज० में राजकीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 5 तक सतत एवं समग्र मूल्यांकन में वर्ष में 3 योगात्मक मूल्यांकन (S.A) का प्रावधान है।

- राज० में CCE को SIQE के नाम से जाना जाता

## C.C.E में Grading System :-

| अंक | | ग्रेड |
|---|---|---|
| 91 - 100 | ⟹ | A1 |
| 81 - 90 | ⟹ | A2 |
| 71 - 80 | ⟹ | B1 |
| 61 - 70 | ⟹ | B2 |
| 51 - 60 | ⟹ | C1 |
| 41 - 50 | ⟹ | C2 |
| 33 - 40 | ⟹ | D |
| 21 - 32 | ⟹ | E1 |
| 20 से नीचे | ⟹ | E2 |

## S.I.Q.E :-

- योगात्मक मूल्यांकन को संकलनात्मक मूल्यांकन या अंतिम मूल्यांकन कहा जाता है।

- राज० में 2018-19 से कक्षा 1 से 5 तक CCE के अंतर्गत 3 योगात्मक मूल्यांकन (S.A) आयोजित किये गये हैं।

Scanned with OKEN Scanner

| TERM | पाठ्यक्रम विभाजन |
| --- | --- |
| प्रथम ⟹ | 45% (SA Ist) |
| द्वितीय ⟹ | 40% (SA IInd) |
| तृतीय ⟹ | 15% (SA IIIrd) |

## मूल्यांकन की तकनीकें :-

(i) **परीक्षण (test) :-** बालक के व्यवहार में होने वाले परिवर्तनों की समयबद्ध जाँच को परीक्षण कहा जाता है।

- परीक्षण को 3 आधारों पर स्पष्ट किया जा सकता है।

परीक्षण
- 1. संरचना / निर्माण के आधार पर
  - (i) प्रमापीकृत परीक्षण
  - (ii) अप्रमापीकृत परीक्षण / अध्यापक निर्मित परीक्षण
- 2. प्रकृति के आधार पर
- 3. व्यवहार के आधार पर

(i) **प्रमापीकृत परीक्षण :-** वे परीक्षण जिनका निर्माण किया

एजेन्सी या संस्था के द्वारा किया जाता है। (RPSC, RSSB, UPSC, SSB)

- ये परीक्षण वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित होते हैं।
- इन परीक्षणों में वैधता व विश्वसनीयता का गुण पाया जाता है।
- ये परीक्षण प्रभाव के आधार पर निर्मित होते हैं। अतः इनके अच्छे परीक्षण प्राप्त होते हैं।

(B) अप्रमापीकृत परीक्षण / अध्यापक निर्मित परीक्षण :-

- ये परीक्षण अध्यापक द्वारा निर्मित होते हैं।
- अतः इन परीक्षणों में वैधता / विश्वसनीयता व वस्तुनिष्ठता के लक्षण कम पाये जाते हैं।

२. प्रकृति के आधार पर परीक्षण

(A) मात्रात्मक / परिमाणात्मक संख्यात्मक / उपलब्धि परीक्षण / निष्पत्ति परीक्षण

(B) गुणात्मक परीक्षण
(1) क्रम निर्धारण मापनी
(2) प्रश्नावली
(3) साक्षात्कार
(4) अवलोकन
(5) जाँच सूची
(6) संचयी अभिलेख

Scanned with OKEN Scanner

3. व्यवहार के आधार पर परीक्षण :-

(A) ज्ञानात्मक परीक्षण
(i) लिखित परीक्षण
(2) मौखिक परीक्षण
(3) साक्षात्कार

(B) भावात्मक परीक्षण
(1) रुचि परीक्षण
(ii) अभिरुचि परीक्षण
(3) अभिवृत्ति परीक्षण
(4) समायोजन परीक्षण
(5) समाजमिति परीक्षण

(C) क्रियात्मक परीक्षण
प्रायोगिक परीक्षण

2. (A) मात्रात्मक / परिमाणात्मक / निष्पत्ति / उपलब्धि परीक्षण :-

Achievement test

- छात्र को विशिष्ट प्रशिक्षण व अनुदेशन दिये जाने के बाद वह कितना सीख पाया यह मापने के लिए उपलब्धि परीक्षण का उपयोग किया जाता है।
- उपलब्धि परीक्षण वह परीक्षण है जिसकी सहायता से विद्यालय में पढ़ाये जाने वाले विषयों में बालकों की प्रगति का मापन किया जाता है।
- यह बालक के ज्ञानात्मक पक्ष से सम्बंधित है।

Scanned with OKEN Scanner

1) इस परीक्षण के माध्यम से पाठ्यक्रम से संबंधित लक्ष्यों को प्राप्त किया जाता है।

## ☆ उपलब्धि परीक्षण :-

- (i) लिखित परीक्षण
  - (i) वस्तुनिष्ठ प्रश्न
  - (2) अति लघुत्तरात्मक प्रश्न
  - (3) लघुत्तरात्मक प्रश्न
  - (4) निबंधात्मक प्रश्न
- (2) मौखिक परीक्षण
- (3) प्रायोगिक परीक्षण

## ☆ वस्तुनिष्ठ प्रश्न :-

- (i) प्रत्यास्मरण प्रश्न
  - (a) साधारण प्रत्यास्मरण
  - (b) रिक्त स्थान की पूर्ति वाले प्रश्न
- (2) प्रत्याभिज्ञान प्रश्न
  - (i) एकान्तर प्रश्न / सत्य असत्य वाले प्रश्न
  - (ii) बहु विकल्पी प्रश्न
  - (iii) मिलान वाले प्रश्न
  - (4) भिन्नता वाले प्रश्न
  - (5) सादृश्यता वाले प्रश्न

Scanned with OKEN Scanner

(ii) वस्तुनिष्ठ प्रश्न :

- ऐसे प्रश्न जिनमे उत्तर अत्यन्त सीमित व विकल्प प्रदान करने वाले होते है। इन प्रश्नों का निश्चित उत्तर होता है।

- इनमें मूल्यांकन अध्यापक की व्यक्तिनिष्ठता से प्रभावित नहीं होता है। ये निष्पक्ष होते हैं।

(i) प्रत्यास्मरण प्रश्न :- इन प्रश्नों का उत्तर बालक की स्मृति पर आधारित होता है। इन प्रश्नों का निश्चित उत्तर होता है।

- ये रिक्त स्थान के रूप में भी हो सकते हैं।

- प्रत्यास्मरण प्रश्न दो (२) प्रकार के हो सकते हैं।

(A) साधारण प्रत्यास्मरण प्रश्न ⇒ इन प्रश्नों का विशिष्ट व निश्चित उत्तर होता है।

EX: 1. भारत देश कब स्वतंत्र हुआ ÷ 15 Aug 1947

2. चिह्न पूर्णाकार का सिद्धांत किसने दिया ÷ एडवर्ड टोलमैन

(b) रिक्त स्थान की पूर्ति वाले प्रश्न ⇒ इन प्रश्नों मे रिक्त स्थान की पूर्ति करनी होती हैं।

EX: रेडियो का आविष्कार ..मारकोनी.. किया

## (v) प्रत्याभिज्ञान प्रश्न :-

- इन प्रश्नों में प्रश्नों के साथ एक से अधिक संभावित उत्तर दिये जाते हैं।
- बालक इन सभी संभावित उत्तरों में से सही उत्तर की जाँच करता है।

प्रत्याभिज्ञान वाले प्रश्न 5 प्रकार के होते हैं।

### (A) एकान्तर प्रश्न / सत्य - असत्य वाले प्रश्न :-

Ex:- सूरज पूर्व दिशा में उदय होता है।
(सत्य / असत्य)

### (b) बहुविकल्पी प्रश्न :-

प्रश्न :- ① उद्दीपक अनुक्रिया सिद्धांत दिया है।
(A) स्कीनर
(b) थॉर्नडाइक
(c) पावलव
(d) टॉलमैन

### (c) मिलान वाले प्रश्न :-

इसमें प्रथम स्तम्भ को द्वितीय स्तम्भ से मिलान किया जाता है।

### (d) भिन्नता / वर्गीकरण वाले प्रश्न :-

- इसमें असंगत प्रश्नों को ढूँढना पड़ता है।

(A) जयपुर (b) पटना (c) अजमेर (d) कोलकाता

(E) सादृश्यता वाले प्रश्न :-

- ऐसे प्रश्नों में 2 समान परिस्थितियाँ दी जाती है।
- पहली स्थिति पूर्ण व दूसरी परिस्थिति अपूर्ण होती है।
- पहली परिस्थिति के आधार पर सम्बंध स्थापित करके दूसरी परिस्थिति को पूरा किया जाता है।

EX :- मछली : गिल : मनुष्य ?...

## ☆ वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के गुण :-

(1) इन प्रश्नों का उत्तर देने मे समय कम लगता है.
(2) प्रश्नों का अंकन करने में भी समय कम लगता है।
(3) वस्तुनिष्ठता का समावेश पाया जाता है।
(4) ये प्रश्न उद्देश्य आधारित होते हैं।
(5) रटने की प्रवृत्ति को कम करते हैं।
(6) इनमें विश्वसनीयता या व्यापकता पाई जाती है।

## ☆ वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के दोष :-

(1) प्रश्न पत्र बनाने मे कठिनाई आती है।
(2) कुशल व प्रशिक्षित शिक्षकों का अभाव पाया जाता है.
(3) लेखन व भाषा शैली की जाँच नहीं होती है,
(4) सृजनात्मक चिंतन शैली का पता लगाना कठिन है
(5) कुछ प्रश्न अनुमान के आधार पर सही हो जाते है.

Scanned with OKEN Scanner

## निबंधात्मक प्रश्न :-

1) वे प्रश्न जिनका उत्तर छात्र के द्वारा अपने शब्दों में दिया जाता है, उन्हें निबंधात्मक प्रश्न कहा जाता है। अर्थात् इन प्रश्नों का उत्तर विस्तार से देना होता है।

